भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1560**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**पुलों पर समाप्ति तिथि अंकित करना**

1560. श्री टी. आर. बालू:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस दृष्टिकोण से सहमत है कि पुलों की जीवन अवधि या समाप्ति तिथि निर्धारित करने तथा समय पर मरम्मत करने की सख्त आवश्यकता है; और

(ख) यदि हां, तो यह ध्यान में रखते हुए कि यह तभी संभव होगा जब पुल की स्थिति के बारे में आंकड़े उपलब्ध होंगे, सरकार द्वारा क्या पहल की गई है या किए जाने का प्रस्ताव है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां।

(ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रुप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भारतीय पुल प्रबंधन प्रणाली (आईबीएमएस) के विकास के लिए एक परामर्शदाता को नियुक्त किया है, जिसका उद्देश्य पुलों की स्थिति संबंधी आंकड़ों को संसाधित करने के लिए एक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म विकसित करना है।

*****